डॉ. प्रतिभा ने चिकित्सा सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा की

पाली, (नि.सं.)। पाली संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संभाग स्तरीय बैठक में पाली जिले के प्रमुख विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के विभिन विभागीय कार्यों, योजनाओ की प्रगति की समीक्षा बैठक ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने प्रमुख विभागों जिनमें चिकित्सा विभाग में एंबुलेंस डिलीवरी, निःशुल्क दवा योजना, ईलाज, विभाग में पदों की स्थिति, स्वास्थ्य केंद्रों के बारे में व मौसमी बीमारियों की जानकारी, बांगड़ अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओ, दस्त नियंत्रण, आयुष्मान कार्ड, चिकित्सालय की सीवरेज, वेंटिलेशन आदि मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही संपर्क पोर्टल की प्रगति, शुद्ध आहार मिलावट पर वार आभियान के लिए कारवाई के बारे में निर्देश दिए। साथ ही जिला परिषद में एमपी, एमएलए लेड के स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत, पूर्ण व अप्रारंभ कार्यों, मुख्यमंत्री जिला नवाचार निधि योजना, मनरेगा केपी आई की प्रोग्रेस, मगरा विकास योजना, वन विभाग पौधारोपण आदि की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग से सड़कों की मरमत, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, वर्तमान स्थिति, बिजली विभाग में जलदाय विद्युत कनेक्शन, कृषि, औद्योगिक, घरेलू, अघरेलू कनेक्शन की प्रगति, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में, जल जीवन मिशन, समर कंटीन्जेंसी वर्क, हेडपंप मरमत अभियान, ट्यूब वेल, टैंकर से पानी सप्लाई, जल ठाहण विकास एवं भू संरक्षण, मनरेगा श्रमिक भुगतान आदि की विस्तार से जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

आयुक्त डॉ. सिंह ने नगर परिषद के साफ सफाई, नाला सफाई के लिए निर्देश व बकाया भुगतान, आय व्यय, ओकसन बकाया भुगतान की जानकारी, शहरी नरेगा लेबर की स्तिथि, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन आदि के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर आईसीडीएस विभाग में आंगनवाड़ीयो, पशुपालन, शिक्षा विभाग में प्रवेश उत्सव, नामांकन विभिन्न योजना ऑन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में इस अवसर पर जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने पाली जिले के विभिन्न प्रमुख विभागों के कार्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर बैठक में उपवन संरक्षक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग भवानी सिंह पंवार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नंदकिशोर राजोरा, नगर परिषद आयुक्त आशुतोष आचार्य एवम विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने ली पाली में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

राजेन्द्र गहलोत ने माता की स्मृति में पौधारोपण किया

जोधपुर, (कासं)। एक पेड़ मां के नाम अभियान की कड़ी में आज राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने अपनी माता स्वर्गीय देवी गहलोत की 19 वीं पूण्यतिथि के अवसर पर गौशाला मैदान में पेड़ लगाकर श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए दिन की शुरूआत की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गौशाला मैदान में हुए कार्यक्रम के तत्पश्चात् भारतीय जनता पार्टी, लालसागर मण्डल की ओर से चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत माता का थान शिवसागर क्षेत्र में पानी की टंकी के पास पेड़ लगाये।

इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि इस धरा को हरा भरा रखना हम सभी का दायित्व है, पेड़ बचेगा तो जीवन बचेगा। विश्व में पेड़ो की अंधाधुंध कटाई पर चिन्ता जाहिर करते हुए इस पर तत्काल अंकुश लगाने का आव्हान आमजन से किया। साथ ही आमजन से अपील की कि प्रत्येक नागरिक अपने हर मांगलिक अवसर पर पेड़ लगाये एवं अन्यों को भी प्रेरित करे। पेड़ लगाना जितना आवश्यक है उससे कहीं ज्यादा उसका संरक्षण करना जरूरी है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा देवेन्द्र सालेचा, उपाध्यक्ष भंवरलाल दईया, पार्षद धनराज मकवाना, रवि गहलोत, औकारसिंह, धर्मेन्द्र भाटी, राकश देवड़ा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधायक कोष से 17 दिव्यांगजनों को स्कूटी दी

जालोर में विधायक कोष से दिव्यांगों को निःशुल्क स्कूटी का वितरण मुख्य सचेतक जोगेवर गर्ग ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व सांसद लुम्बाराम चौधरी ने मंगलवार को सर्किट हाउस जालोर में कार्यक्रम में विधायक कोष से वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 17 स्कूटियों का दिव्यांगजनों को वितरण किया।

कार्यक्रम के दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने स्कूटी प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों को माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के हितों के लिए सदैव तत्पर हैं। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के साथ उनके प्रचार-प्रसार किये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्कूटी मिलने से दिव्यांगजनों की राह आसान हो सकेगी साथ ही स्वरोजगार में सहायता मिल सकेगी। इस अवसर पर पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार, भवानी सिंह देतां सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक व दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

अंगदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अंगदान के बारे में जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन एम.डी.एम. हॉस्पिटल में किया।

जोधपुर,(कासं)। भारत सरकार के दिशा निर्देशों अनुसार जुलाई महीने को अंग दान माह के रूप में मनाया जा रहा है। मंगलवार को राजकीय नर्सिंग कॉलेज के अंतर्गत अंगदान के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन एमडीएम हॉस्पिटल की ओपीडी में किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टर संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर रंजना देसाई ने किया। डॉक्टर देसाई ने वहां उपस्थित सभी विद्यार्थियों को स्वयं एवं अपने परिवार जनों की अंगदान की शपथ को भारत सरकार की अधिकृत वेबसाइट पर रजिस्टर करने के लिए प्रेरित किया।

इसके अतिरिक्त मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर नवीन किशोरिया एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सक भी इस समारोह उपस्थित थे।

नर्सिंग कॉलेज कॉलेज के प्रधानाचार्य मुकेश तेतरवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 48 प्रविष्टियां प्राप्त हुई एवं बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

डॉ एसएन मेडिकल कॉलेज के ट्रांसप्लांट कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह राठौड ने वहां आई जनता को अंगदान की जरूरत और विधि के बारे में बताया एवं अंगदान की शपथ लेने के लिए प्रेरित किया।

अहमदाबाद में जोधपुर भवन 3 का लोकार्पण 15 को

जोधपुर, (कासं)। अखिल भारतीय माली समाज संस्थान (रजि.) ट्रस्ट की ओर से मानव सेवा के लिए अहमदाबाद में जोधपुर भवन 3 का निर्माण करवाया गया है। नवनिर्मित्त भवन का लोकार्पण 15 जुलाई को 1.30 बजे किया जाएगा।

ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार ने बताया कि जोधपुर से बहुत लोग उपचार के लिए अहमदाबाद जाते रहते हैं। आने वाले लोगों की सेवा के लिए सिविल अस्पताल के गेट नम्बर 7 व 8 के सामने स्थित मालियों का कुआ असावडा में 900 वर्गगज क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त जोधपुर भवन 3 का निर्माण करवाया गया है। इसमें 15 कमरे, 4 बड़े हॉल, कार्यालय व भोजनशाला का निर्माण करवाया गया है। यहां 60 बैड की व्यवस्था की गई है। जोधपुर भवन 3 में ही पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

महामंत्री किशोरसिह सांखला ने बताया कि समारोह में वैभव गहलोत, राजेन्द्र सोंलकी, सुनील परिहार, जसवंत कच्छवाह, महापौर श्रीमती कुंती परिहार, गंगाराम गहलोत, राजेन्द्र कुमार गहलोत, प्रेमसिंह परिहार, नरेन्द्रसिंह कच्छवाह, किशनसिंह सोलंकी, सुभाष गहलोत सहित समाजबंधुओं को आमंत्रित किया गया है।

गुड़ामालानी को नगर पालिका बनाने की मांग

गुड़ामालानी को नगर पालिका बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

गुड़ामालानी, (निसं)। गुड़ामालानी व्यापार मंडल एवं भाजपा मंडल के कार्यकताओं ने उपखंड अधिकारी के माध्यम से तहसीलदार कोशल्या जांगिड़ को मुख्यमंत्री के नाम देकर गुड़ामालानी को नगर पालिका बनाने की मांग की।

मुख्यालय पर समस्त ग्रामवासी एवं व्यापार संघ तथा भाजपा मंडल ने ज्ञापन देकर बताया कि गुडामालानी की आबादी जनसंख्या के अनुपात ज्यादा होने एवं आमजन की भावनाओ तथा आमजन की मूलभूत सुविधा उक्त वर्तमान में ग्राम पंचायत से पुरी नही हो रही है।

आमजन की यही मांग है कि ग्राम पंचायत गुड़ामालानी को एक कस्बा मानते हुए नगरपालिका बनाया जाना आवश्यक है। वही कहा कि ग्राम पंचायत गुडामालानी का जब पंचायती राज का गठन हुआ, तब से मूल ग्राम पंचायत ही है कि उक्त ग्राम पंचायत में वर्तमान में राजस्व गांव भी ज्यादा है। मुख्यालय से मेगा हाईवे रोड़ निकल रही है। मुख्यालय पर उपखंड कार्यालय, पुलिस उपाअधिक्षक कार्यालय, सहायक अभियन्ता कार्यालय, पंचायत समिति, ज्युडीसियल न्यायालय है। ऐसे में वर्तमान जनसंख्या वृद्धि होने के कारण एवं राज्य सरकार द्वारा ही आवश्यक जनपूर्ति के मूलभूत सुविधाओ के द्वारा राज्य सरकार द्वारा समय समय पर शासन सचिवालय द्वारा समय समय पर नई नई नगरपालिकाओ का निमार्ण पूर्व मे भी होता आ रहा है। ऐसे में आम जनता की जनभावना को मध्य नजर रखते हुऐ गुडामालानी कस्बे को नगरपालिका बनने की मांग की।

ज्ञापन देने के दौरान राणा कुलदीप सिंह राठौड, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन, जबरसिंह राठौड, अशोक सिंह राजावत, जगदीश विश्नोई, प्रहलाद मेघवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

मंत्री जोगाराम पटेल ने जन सुनवाई की

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण के साथ ही समग्र जन कल्याण और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इन प्रयासों में कहीं कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।केबिनेट मंत्री ने यह बात मंगलवार को जोधपुर सर्किट हाऊस में जनसुनवाई के दौरान कही।

पटेल ने आम जन की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए उनके संतोषपूर्ण एवं त्वरित समाधान के लिए व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जोगाराम पटेल ने कहा कि जनता तथा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के प्रति अधिकारी गंभीरता बरतें तथा जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए सुशासन से परिपूर्ण राज-काज का आदर्श प्रस्तुत करें। इसके लिए विभागीय स्तर पर जन समस्याओं के निस्तारण की आरंभिक पहल करें ताकि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द हो सके और इसके लिए उन्हें किसी प्रकार की देरी का सामना न करना पड़े।

पटेल ने कहा कि बुनियादी लोक सेवाओं तथा जन सुविधाओं की नियमित, निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों का सर्वोपरि दायित्व है, जिसे संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना चाहिए ताकि सुशासन के संकल्पों को साकार किया जा सके। समस्याओं को तसल्ली से सुन उन्होंने विश्वास दिलाया कि यथोचित समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

आर्मी मैन पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

पोकरण, (निसं)। पोकरण विधानसभा क्षेत्र के सांकडा थाना पुलिस ने शादी में शामिल होने घर आए आर्मी मैन पर रविवार रात को सोते समय कुल्हाडी से जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी कुचरे खान उर्फ कुटले खान पुत्र मिश्री खान (33) निवासी भैंसडा को गिरफ्तार किया है।

एस.पी. सुधीर चौधरी ने बताया कि घटना के संबंध में रविवार को भैंसडा निवासी महेश कुमार भार्गव द्वारा रिपोर्ट दी गई कि उसका बडा भाई विवेकानंद आर्मी में कार्यरत है। अभी घर में शादी समारोह होने से वह घर आया हुआ था। रात को विवेकानंद और महेंद्र कुमार व चचेरा भाई अनिल कुमार खाना खाकर सो रहे थे। सुबह करीब 4.15 बजे शोर- सुनकर नींद खुली तो देखा कुचरे खान हाथ में धारदार कुल्हाडी लेकर उसके भाई विवेकानंद को जान से मारने की नीयत से सिर पर ताबडतोड वार कर रहा है। हमें देखकर वह मौके से भाग गया रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह भाटी व सीओ भवानी सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ महेश ढाका के नेतृत्व में गठित की गई।

टीम द्वारा मात्र 24 घंटे के अंदर हत्या के प्रयास सहित दो प्रकरणों में वांछित मुलजिम कुचरे खान उर्फ कुटले खान को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने पूर्व की रंजिश को लेकर फौजी पर हमला किया था। इससे पहले अपने घर में सो रही पत्नी पर भी आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया था।

हनवन्त राजपूत हॉस्टल में पौधारोपण किया

हनवन्त राजपूत हॉस्टल पावटा बी रोड जोधपुर में महाराजा उम्मेद सिंह की 121वीं जयंती के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

जोधपुर, (कासं)। श्री हनवन्त एजुकेशनल सोसायटी के तत्वावधान में श्री हनवन्त राजपूत हॉस्टल पावटा बी रोड में शाम को महाराजा उम्मेद सिंह की 121वीं जयंती के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाराजा उम्मेद सिंह के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व स्मरण किया।

श्री हनवन्त एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव राजेंद्र सिंह लीलिया ने बताया कि सोसायटी द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि गुलमोहर, आम बादाम, जामुन, शीशम आदि प्रजाति के अनेक पौधे हॉस्टल परिसर में लगाए गए। सभी ने प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर डीआरएम रेलवे पंकज कुमार सिंह, श्री हनवन्त एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ शिव सिंह राठौड़, उपायुक्त जेडीए जयपाल सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी जोधपुर महावीर सिंह जोधा, उपखंड अधिकारी ओसियां श्रीमती पुष्पा सिसोदिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ कमांडेंट आर ए सी रविराज सिंह शेखावत, प्रो ज्ञान सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष रामचंद्र सिंह जोधा, सचिव राजेन्द्र सिंह लीलिया, रणवीर सिंह चौहान, महेंद्र सिंह राठौड़, वीरेन्द्र सिंह शेखावत, शिवमंगल सिंह राठौड़, शक्ति सिंह रावलोत, भोपाल सिंह उदावत, दिनेश सिंह बाबरा, हॉस्टलअधीक्षक नरेंद्र सिंह चाम्पावत, मदन सिंह भाटी, भीम सिंह शेखावात व मनोहर सिंह सहित हॉस्टल के छात्रों ने पौधारोपण किया।

पौधारोपण से पूर्व महाराजा उम्मेद सिंह के चित्र के समक्ष सभी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा मारवाड़ के लिए उनके समय में करवाए गए विकास कार्यों का स्मरण किया।

पाली संवाददात के अनुसार : पाली शहर के विद्या नगर शिव गली में महिला शक्ति की ओर से पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चेतना एवं प्रकाश कंवर चुण्डावत ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में पेड़ों की अंधाधुन कटाई होने के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है जिसे अधिक से अधिक पौधरोपण कर संतुलित किया जा सकता है।

उन्होंने आमजन को अपने घरों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पास पौधरोपण कर उचित सार संभाल करने की बात कहते हुए पौधा स्वयं के नाम से लगाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर हेमा, मुनि देवी, प्रेमलता, सोनू, किरण, विजयलक्ष्मी, नीलू, सुगना, संतोष, लीला, विद्या आदि उपस्थित रहे।

महिला की आंख फोड़ने के आरोपी को राहत नहीं दी

- सूरसागर उपद्रव में पत्थर से महिला की आंख फोड़ने के आरोपी को जमानत नहीं मिली
- सुनवाई के बाद याचिका खारिज

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के सूरसागर उपद्रव में पत्थर से महिला की आंख फोड़ने के आरोपी को जमानत नहीं मिली है। दोनों आरोपियों ने जमानत याचिका पेश की थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद याचिका खारिज कर दी। पीड़ित महिला लजवंती देवी ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था।

सूरसागर में 21 जून को हुए उपद्रव के दौरान पत्थरबाजी हुई। इस बीच लजवंदी देवी घर के बाहर खेल रहे अपने नाती को घर के अंदर ले जाने लगी। उस समय शाकीर व साहिल ने पत्थर बरसाए और महिला की आंख फूट गई। महिला ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने कार्रवाई कर अन्य अरोपियों के साथ साहिल व शाकीर को भी गिरफ्तार किया।

आरोपी की ओर से जमानत के लिए अर्जी पेश की गई थी। अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश संख्या एक विक्रम सांखला ने याचिका खारीज कर दी। पीड़िता लजवंती की ओर से वकील दिनेश कुमार शर्मा ने सुनवाई के दौरान कोट में बताया कि आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पत्थर बरसाए थे। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जस्टिस विक्रम सांखला ने दोनों आरोपी की जमानत खारिज कर दी।

जालोर जिले के टॉप 10 में शामिल आरोपी गिरफ्तार

सायला, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक जालोर ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में टॉप-10 ईनामी अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल एवं वृताधिकारी गौतम जैन के सुपरविजन में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास व मारपीट के आरोपी कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी इन्द्रसिंह पुत्र जयसिंह जाति राजपुत निवासी पांथेडी ने पुलिस थाना सायला में रिपोर्ट पेशकर बताया कि दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को दोपहर करीब 3 बजे वह ग्राम पाथेडी में स्थित प्लॉट पर सो रहा था, तब एक स्कोपियो गाडी बिना नम्बर प्लेट की उसके प्लॉट के गेट के सामने आकर रूकी। जिसमें नरेन्द्र उर्फ दशरथ जाति राजपुरोहित निवासी मोदरा, हुकमसिंह राजपूत निवासी काबा आहोर, कुलदीपसिंह राजपूत निवासी लुदराणा, अशोकुमार पुरोहित निवासी चौराउ, विजयसिंह स्कोपियो से उतरकर हाथ में लाठीया व धारदार हथियार लेकर आये तथा आते ही उसके साथ गाली गलोच व मारपीट करने लगे। तब उसके भाई गुमानसिंह बीच बचाव करने के लिए आया तो, उसके साथ मारपीट की व पिस्तोल से फायर किया। जिस पर पुलिस ने मामला कर दौराने अनुसंधान के मौजा लुदराडा थाना हल्का सिवाणा से अभियुक्त कुलदीपसिंह उसके निवास स्थान से प्रकरण में अनुसंधान के लिए दस्तयाब किया गया। पूर्व में एक आरोपी हुकमसिंह पुत्र जबरसिंह, जाति राजपुत, निवासी काम्बा, पुलिस थाना आहोर, जिला जालोर को गिरफ्तार किया जा चुका है। अग्रीम अनुसंधान जारी है। इस दौरान गठित पुलिस टीम में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी, हेड कांस्टेबल पब्बाराम, कांस्टेबल सांवलाराम, महेश लीलावत, हरिराम शामिल रहे।

सायला थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। फोटो-राष्ट्रदूत

कई बाइक पार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में गत 24 घंटों में बाइक चोरी के आधा दर्जन प्रकरण सामने आए हैं।

अलग अलग थानों की पुलिस ने मामले दर्ज किए है।

शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि मुबारका मस्जिद के पास शकीना कॉलोनी निवासी सादिक अली पुत्र अब्दुल अजीज ने रिपोर्ट दी। इसमें पुलिस को बताया कि 26 जून को वह एमडीएम अस्पताल आया था, जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया।

इसी तरह प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में कमला नेहरू नगर प्रतापनगर क्षेत्र में रहने वाले मुकेश सिंह पुत्र बन्नेसिंह ने पुलिस को बताया कि 7 जुलाई की शाम के समय निजी अस्पताल के बाहर खड़ी की उसकी बाइक चोरी हो गई।